बरेली, रविवार
28 नवंबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 04 : TOP

आरोहन-2021 में 800 छात्रों ने किया प्रतिभाग

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (27 Nov): एसआरएमएस ट्रस्ट के सभी संस्थानों के 800 विद्यार्थियों की 120 टीमों ने 24 स्पर्धाओं में एक दिवसीय सालाना सांस्कृतिक कार्यक्रम जेस्ट आरोहन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया. आयोजन में छात्रों को ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने जिंदगी के संघर्ष में कामयाबी के टिप्स भी दिए. पिछले दिनों आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुंकार के विजेताओं को चेयरमैन ने पुरस्कृत किया. जिसमें एसआरएमएस सीईटी को चैंपियन की ट्रॉफी दी गई. साथ ही सीईटी के नितिन शर्मा और नर्सिंग की परमीत कौर को बेस्ट प्लेयर चुना गया.चेयरमैन देवमूर्ति ने इस बार के महोत्सव को कोरोना वारियर्स को समर्पित किया. कहा कि हमारे मेडिकल कालेज के कोरोना वारियर्स ने एक सैनिक की तरह इस महामारी से लोगों की रक्षा की. एसआरएमएस मेडिकल कालेज ने कोरोना काल में सबसे सस्ती और बेहतर पीपीई किट का निर्माण कर डाक्टरों को सुरक्षा प्रदान की. इस अवसर पर ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर ई. सुभाष मेहरा, डीन सीईटी डा. प्रभाकर गुप्ता, निदेशक ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल डा. अनुज कुमार, एसआरमएस आईएमएस प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता, डा.अतुल सिंह आदि रहे.